काजोल पैसे खर्च करने के मामले में कंजूस हैं अजय देवगन

हाल ही में काजोल और अजय देवगन अपनी फिल्म हेलिपॉप्टर ईला का प्रमोशन के लिए एक म्यूजिक रिऐलिटी शो पर पहुंचे। यहां अजय ने काजोल के बारे में एक राज खोलते हुए बताया कि काजोल को पैसे खर्च करना पसंद नहीं, वह बहुत कंजूस हैं। अजय ने शो की ऑडियंस को बताया कि अगर तुलना की जाए तो काजोल के मुकाबले मैं बेहद खर्चीला हूं। अजय ने मजाकिए अंदाज में कहा, घर में देखा जाए तो मैं ही वह इंसान हूं जो खर्च करता है। जहां तक काजोल की बात है तो वह बहुत कंजूस हैं। काजोल ज्यादा शॉपिंग भी नहीं करतीं। मैं काफी भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसी पत्नी मिली है जो ज्यादा खर्च नहीं करती। अजय ने आगे कहा कि काजोल न्यासा और युग का काफी ध्यान रखती हैं और इस बात को पक्का करती हैं कि सारे काम तय वक्त पर हों। वहीं अपने बारे में बताते हुए अजय ने कहा कि वह अक्सर जन्मदिन और सालगिरह भूल जाया करते हैं। इस समस्या का हल निकालने के लिए अजय ने अपनी टीम को कह दिया है कि वे अजय को इन सब दिनों के बारे में पहले से बता दिया करें।

वहीं दूसरी तरफ काजोल का मानना है कि अजय ही घर के असली सिंघम हैं। किसी भी मामले में अजय का फैसला ही फाइनल वरडिक्ट माना जाता है। अजय देवगन द्वारा प्रड्यूस की गई और प्रदीप सरकार द्वारा डायरेक्ट की गई हेलिकॉप्टर ईला में काजोल एक सिंगर और सिंगल मदर का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म में यह दिखाया गया है कि किस तरह एक मां अपने बेटे को लेकर बेहद प्रटेक्टिव हैं, जिस कारण बेटे का आजाद होकर जीना मुश्किल हो जाता है। हेलिकॉप्टर ईला 12 अक्टूबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज

अभिषेक बच्चन ने अब साइन की हॉरर-कॉमिडी फिल्म

अनुराग कश्यप की रोमांटिक फिल्म मनमर्जियां में तापसी पन्नू और विकी कौशल के साथ काम करने के बाद अभिषेक बच्चन ने एक अलग जॉनर की फिल्म ही साइन की है। यह फिल्म एक हॉरर कॉमिडी होगी और इसका डायरेक्श रागिनी एमएमएस और फोबिया सीरीज के डायरेक्टर पवन कृपलानी करेंगे।

फिल्म के एक नजदीकी सूत्र ने बताया कि इस फिल्म का नाम तांत्रिक रखा जाएगा और इसकी शूटिंग अगले साल से मुंबई में शुरू होगी। उन्होंने बताया, पवन अभी शूटिंग की दूसरी जगह फाइनल कर रहे हैं। इसके अलावा वह अभिषेक के ऑपोजिट लीड रोल के लिए हिरोइन की तलाश भी कर रहे हैं।

बता दें कि इसके अलावा अभिषेक ने अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ 8 साल बाद फिल्म करने के लिए भी हामी भरी है। फिल्म का नाम गुलाब जामुन होगा और इसका डायरेक्शन सर्वेश मेवाणा कर रहे हैं। ऐश्वर्या ने पिछली बार 2010 में मणिरत्नम की फिल्म रावण में अभिषेक के साथ काम किया था। गौरतलब है कि पवन कृपलानी ने डर एट द मॉल नाम की एक हॉरर फिल्म भी बनाई थी जिसमें जिमी शेरगिल और नुसरत भरूचा ने साथ काम किया था। हालांकि अपनी इस अगली फिल्म तांत्रिक के बारे में अभी तक पवन ने कोई कॉमेंट नहीं किया है।

सही फिल्म के लिए इंतजार करना बेहतर मिनिशा लांबा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

थियेटर प्रोडक्शन के साथ मंच पर पहली बार प्रस्तुति देने जा रहीं अभिनेत्री मिनिशा लांबा ने कहा कि वह पर्दे पर दिखने के लिए किसी भी फिल्म में अभिनय करने की जगह अच्छी फिल्मों का इंतजार करना बेहतर समझती हैं।

फिल्मों में काम न करने के बारे में पूछे जाने पर मिनिशा ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे ऐसी फिल्में नहीं मिल रहीं जैसी मैं करना चाहती थी और इसलिए मैं अलग-अलग रचनात्मक उद्यमों में अपनी ऊर्जा का संचालन कर रही हूं। मैं वही फिल्में करना चाहती हूं, जो मजबूत हों और मुझे खुशी दें। मैं किसी भी फिल्म में अभिनय करने के बजाय अच्छी फिल्म का इंतजार करना बेहतर समझती हूं।

अभिनेत्री ने मिरर मिरर नाम के एक्ट में 13 किरदार निभाए हैं। वेब श्रृंखला में काम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, कलाकार होने के नाते, मैं किसी भी माध्यम में खुद को सीमित नहीं करती बल्कि अच्छी सामग्री चुन रही हूं। मनोरंजन उद्योग में इन दिनों इतने सारे काम हो रहे हैं और मुझे इसका हिस्सा बनना अच्छा लगेगा।

टैलंट का पुलिंदा हैं अनन्या पांडे

ऐक्टर चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे जल्द ही बॉलिवुड में अपने कदम रखने जा रही हैं। वह करण जौहर की आने वाली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से ऐक्टिंग डेब्यू करेंगी।

खूबसूरती को लेकर हमेशा चर्चा में

अनन्या पांडे वैसे तो पहले से ही अपनी खूबसूरती की वजह से चर्चा में थीं, लेकिन डेब्यू फिल्म अनाउंस होने के बाद से वह सुर्खियों में ही बनी हुई हैं।

सोशल मीडिया पर सबकी फेवरिट

अनन्या पांडे ने अभी तक एक फिल्म नहीं की है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर स्टार हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 5 लाख 47 हज़ार फॉलोअर्स हैं।

पैरेंट्स और दोस्तों संग हैंगआउट

अनन्या पांडे अक्सर अपने पैरेंट्स या फिर दोस्तों के साथ पार्टी और अन्य जगहों पर दिख ही जाती हैं।

ग्लैमर से नहीं परहेज

बचपन से ही फिल्मी माहौल में पली-बढ़ी अनन्या को ग्लैमर से कोई परहेज नहीं है और वह इसकी खूबियों और खामियों को बखूबी समझती हैं।

फैशन में भी हैं अव्वल

फैशन के मामले में भी अनन्या का कोई सानी नहीं है। अपने स्टनिंग आउटटिंग्स और सेक्सी लुक्स के ज़रिए वह हमेशा ही मीडिया में चर्चित रहती हैं।

पपराजी की पसंद अनन्या

अनन्या पपराजी की भी फेवरिट हो गई है। तभी तो वह जहां भी जाती हैं और कैमरे वहां पहुंच जाते हैं और अनन्या भी हंसकर उन्हें पोज़ देती हैं।

फैंस को इंतजार

फैंस को अब अनन्या की डेब्यू फिल्म का इंतज़ार है। इसमें उनके ऑपोजिट ऐक्टर टाइगर श्रॉफ और ऐक्ट्रेस तारा सुतारिया नज़र आएंगी।